# Series–A

Roll No............................

Total No. of Questions 29]  [Total No. of Printed Pages–16

Copyright Reserved  A–835–A–XII–2325

# HINDI

Time Allowed—3 Hours  Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिए।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।



https://www.hpboardonline.com

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सुलेख व वर्तनी का विशेष ध्यान रखिए।

(v) खण्ड क में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में दी गई OMR Sheet पर ही दीजिए।

## खण्ड-क

प्रश्न संख्या 1 से 16 तक में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से एक सही विकल्प का चुनाव कीजिए: $16 \times 1 = 16$

1. देवसेना मालवा नरेश बन्धुवर्मा की कौन थी?

(a) पत्नी

(b) माता

(c) बहन

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।



https://www.hpboardonline.com

2. कविता में कवि ने दीप का किसका प्रतीक माना है?

(a) आदमी का
(b) समाज का
(c) प्रकृति का
(d) उपरोक्त सभी का।

3. 'फणीश्वर नाथ रेणु' का जन्म कब हुआ था?

(a) सन् 1931 में
(b) सन् 1917 में
(c) सन् 1925 में
(d) सन् 1921 में।

4. भरत-राम का प्रेम कविता की रचना किस भाषा में हुई है?

(a) ब्रज भाषा में
(b) अवधी भाषा में
(c) मैथिली भाषा में
(d) खड़ी बोली में।

5. 'बुद्धू का काँटा' कहानी के लेखक है:

(a) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(b) जय शंकर प्रसाद
(c) मुंशी प्रेमचंद
(d) भीष्म साहनी।

6. 'चकि चित्रलिखी सी' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास
(b) उपमा
(c) यमक
(d) श्लेष।



https://www.hpboardonline.com

7. 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ में किस गाँव का उल्लेख हुआ है?

(a) भाखड़ा (b) अमझर

(c) टिहरी (d) कोल।

8. हाथी ने किसान के साथ साझे में किस फसल की खेती की?

(a) मक्की की (b) टमाटर की

(c) बाजरे की (d) गन्ने की।

9. सूरदास की झोंपड़ी में आग किसने लगाई थी?

(a) भैरों ने (b) जगधर ने

(c) नायक राम ने (d) सुभागी ने।

10. कोइयाँ किस फूल को कहते हैं?

(a) कमल (b) गुलाब

(c) कुमुद (d) मखाना।

11. 'दूसरा देवदास' कहानी के नायक का नाम क्या है?

(a) पारस (b) संभव

(c) पुरु (d) सूरदास।



https://www.hpboardonline.com

12. वर्तमान छापेखाने का आविष्कार किसने किया?

(a) गुटेनबर्ग ने (b) चिनमिन ने

(c) निहाल सिंह ने (d) जॉनसन ने।

13. समाचार लेखन की प्रभावशाली शैली कौन सी है?

(a) वर्णनात्मक शैली

(b) विवेचनात्मक शैली

(c) पिरामिड शैली

(d) उल्टा पिरामिड शैली।

14. नाटक में कैसे पात्र होने चाहिए?

(a) सजीव

(b) निर्जीव

(c) कठपुतली

(d) रूढ़।

15. कहानी और नाटक कैसी विधाएँ हैं?

(a) समान



https://www.hpboardonline.com

(b) अलग-अलग

(c) विपरीत

(d) मिलती-जुलता।

10. सही मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| (A) मुंशी प्रेमचंद | (i) सरोज स्मृति, तोड़ती पत्थर, गीत गाने दो मुझे |
| (B) भीष्म साहनी | (ii) शेर, पहचान, चार हाथ |
| (C) निराला | (iii) गोदान, पूस की रात, पंच परमेश्वर |
| (D) असगर वजाहत | (iv) परिंदे, जलती झाड़ी, कव्वे और काला पानी |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (b) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (c) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (d) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |



https://www.hpboardonline.com

खण्ड-ख

17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1,1,1,1,1,1

सम्पूर्ण सौरमण्डल में आज तक पृथ्वी ही ऐसा ज्ञात ग्रह है जहाँ जल का अपार भण्डार है। जल के बिना जीवन की कल्पना ही असम्भव है। जल ने ही पृथ्वी पर चर-अचर जीव जगत् को सम्भव बनाया है। मानव-शरीर में भी सर्वाधिक मात्रा जल की है। जल की कमी हो जाने पर जीवन के लाले पड़ जाते हैं और कृत्रिम उपायों से शरीर में उसकी पूर्ति करनी पड़ती है। स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन तथा हमारी सुख-सुविधा, आमोद प्रमोद और मनोरंजन भी जल से जुड़े हैं। घरों में कपड़े धोने, भोजन बनाने, स्नान करने और कूलर आदि चलाने में जल ही सहायक होता है। कल्पना कीजिए कि पृथ्वी जल-विहीन हो जाय तो क्या दृश्य उपस्थित होगा? सारा जीव जगत्-तड़प-तड़पकर दम तोड़ेगा। हमारी आकाश-गंगा का शायद एकमात्र दर्शनीय ग्रह यह पृथ्वी, सुनसान, कंकालों के ढेरों से युक्त पिण्ड बनकर रह जाएगी। आज प्रकृति के इस निःशुल्क उपहार पर संकट के बादल मँडरा रहे हैं। नगरों और महानगरों के अबाध विस्तार ने तथा औद्योगिकीकरण के उन्माद ने भूगर्भीय जल के मनमाने दोहन और अपव्यय को प्रोत्साहित



https://www.hpboardonline.com

[illegible] है। भारत के अनेक प्रदेश, जिनमें राजस्थान भी सम्मिलित हैं, जल-स्तर के निरंतर गिरने से संकटग्रस्त हैं। जल की उपलब्धता निरंतर कम होती जा रही है। इस संकट के लिए मनुष्य ही प्रधान रूप से उत्तरदायी है।

प्रश्न:

(i) सौर-मण्डल में जल का अपार भण्डार किस ग्रह पर है?

(ii) शरीर में जल की कमी हो जाने पर क्या होता है?

(iii) जल का घरों में उपयोग किस-किस रूप में होता है?

(iv) 'प्रकृति' शब्द के उपसर्ग तथा प्रत्यय बताइए।

(v) जल-स्तर के निरंतर गिरने से कैसा संकट हो सकता है?

(vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

18. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1½,1½,1½,1½

दिवसावसान का समय,

मेघमय आसमान से उतर रही है।

वह संध्या-सुंदरी परी-सी



https://www.hpboardonline.com

धीरे-धीरे-धीरे।

तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास,

मधुर-मधुर हैं दोनों उसके अधर

किन्तु ज़रा गम्भीर नहीं है उनमें हास-विलास,

हँसता है तो केवल तारा एक

गुँथा हुआ उन घुँघराले काले-काले बालों से

हृदयराज्य की रानी का वह करता है अभिषेक।

अलसता की-सी लता

प्रश्न:

(i) इस काव्यांश में किस काल का वर्णन हुआ है?

(ii) मेघमय आसमान से कौन उतर रही है?

(iii) संध्या-सुन्दरी के अधरों की क्या विशेषता है?

(iv) संध्या की सखी कौन है?

(v) संध्या को कवि ने अलसता की-सी लता क्यों कहा है?

(vi) पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।



https://www.hpboardonline.com

किया है। भारत के अनेक प्रदेश, जिनमें राजस्थान भी सम्मिलित है, जल-स्तर के निरंतर गिरने से संकटग्रस्त हैं। जल की उपलब्धता निरंतर कम होती जा रही है। इस संकट के लिए मनुष्य ही प्रधान रूप से उत्तरदायी है।

प्रश्न :

(i) सौर-मण्डल में जल का अपार भण्डार किस ग्रह पर है?

(ii) शरीर में जल की कमी हो जाने पर क्या होता है?

(iii) जल का घरों में उपयोग किस-किस रूप में होता है?

(iv) 'प्रकृति' शब्द के उपसर्ग तथा प्रत्यय बताइए।

(v) जल-स्तर के निरंतर गिरने से कैसा संकट हो सकता है?

(vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1½,1½,1½,1½

दिवसावसान का समय,

मेघमय आसमान से उतर रही है।

वह संध्या सुंदरी परी-सी



https://www.hpboardonline.com

धीरे धीरे-धीरे।

तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास,

मधुर-मधुर हैं दोनों उसके अधर

किन्तु जरा गम्भीर नहीं है उनमें हास-विलास

हँसता है तो केवल तारा एक

गुंथा हुआ उन घुंघराले काले-काले बालों से

हृदयराज्य की रानी का वह करता है अभिषेक।

अलसता की-सी लता

प्रश्न:

(i) इस काव्यांश में किस काल का वर्णन हुआ है?

(ii) मेघमय आसमान से कौन उतर रही है?

(iii) संध्या-सुन्दरी के अधरों की क्या विशेषता है?

(iv) संध्या की सखी कौन है?

(v) संध्या को कवि ने अलसता की सी लता क्यों कहा है?

(vi) पद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।



https://www.hpboardonline.com

19. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए: 4

(क) इंटरनेट के लाभ एवं हानियाँ

(ख) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

(ग) सेवा बिना मेवा नहीं

(घ) पर्यावरण एवं प्रदूषण।

(ङ) आत्मनिर्भर भारत।

20. आपकी पाठशाला में एन.एस.एस. का विशेष शिविर लगने जा रहा है। आप भी इस शिविर में भाग लेना चाहते हैं। इस संदर्भ में अपनी पाठशाला के प्रधानाचार्य को शिविर में भाग लेने के लिए अनुमति हेतु निवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए। 4

21. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3×2=6

(क) कविता से आप क्या समझते हैं? लिखिए।



https://www.hpboardonline.com

(ख) नाटक साहित्य की अन्य विधाओं से कैसे अलग है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) उल्टा पिरामिड शैली की किन्हीं दो विशेषताओं का बताइए।

(घ) फीचर लिखते समय किन बातों पर ध्यान देना चाहिए?

(ङ) अच्छे साक्षात्कार के लिए क्या गुण अपेक्षित हैं?

22. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 4

जो है वह सुगबुगाता है
जो नहीं है वह फेंकने लगता है पत्तियाँ
आदमी दशाश्वमेध पर जाता है
और पाता है घाट का आखिरी पत्थर
कुछ और मुलायम हो गया है
सीढ़ियों पर बैठे बन्दरों की आँखों में
एक अजीब सी नमी है
और एक अजीब सी चमक से भर उठा है
भिखारियों के कटोरों का निचाट खालीपन।



https://www.hpboardonline.com

अथवा

राघौ! एक बार फिरि आवौ।

ए बर बाजि बिलोकि आपने बहुरो बनहिं सिधावौ।।

जे पय प्याइ पोखि कर-पंकज वार वार चुचुकारे।

क्यों जीवहिं मेरे राम लाडिले! ते अब निपट बिसारे।।

भरत सौगुनी सार करत हैं अति प्रिय जानि तिहारे।

तदपि दिनहिं दिन होत झाँवरे मनहुँ कमल हिममारे।।

सुनहु पथिक! जो राम मिलहिं बन कहियो मातु संदेसो।

तुलसी मोहिं और सबहिन तें इन्हको बड़ो अंदेसो।।

23. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3×2=6

(क) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है?

(ख) सरोज का विवाह अन्य विवाहों से किस प्रकार भिन्न था?

(ग) 'वसन्त आया' कविता में कवि की चिन्ता क्या है?

(घ) माघ महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है?



https://www.hpboardonline.com

(ङ) 'हारेहु खेल जितावहिं मोही' भरत के इस कथन का क्या आशय है?

(च) 'सेह पिरिति अनुराग बखानिअ तिल-तिल नूतन होए' से लेखक का क्या आशय है?

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए: 3

(क) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(ख) गोस्वामी तुलसीदास।

25. निम्नलिखित पठित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 2×4=8

(क) एक पाठशाला का वार्षिकोत्सव था। मैं भी वहां बुलाया गया था। वहाँ के प्रधान अध्यापक का एकमात्र पुत्र जिसकी अवस्था आठ वर्ष की थी, बड़े लाड़ से नुमाइश में मिस्टर हादी के कोल्हू की तरह दिखाया जा रहा था। उसका मुँह पीला था, आँखें सफेद थीं, दृष्टि भूमि से उठती नहीं थी। प्रश्न पूछे जा रहे थे। उनका वह उत्तर दे रहा था।

(ख) फिर मुझे एक लोमड़ी मिली। मैंने उससे पूछा, "तुम शेर के मुँह में क्यों जा रही हो?" उसने कहा, "शेर



https://www.hpboardonline.com

के मुंह के अन्दर रोजगार का दफ्तर है। मैं वहाँ दरख्वास्त दूंगी, फिर मुझे नौकरी मिल जाएगी।" मैंने पूछा, "तुम्हें किसने बताया।" उसने कहा, "शेर ने" और वह शेर के मुँह के अंदर चली गई। फिर एक उल्लू आता हुआ दिखाई दिया। मैंने उल्लू से वही सवाल किया। उल्लू ने कहा, "शेर के मुँह के अन्दर स्वर्ग है।" मैंने कहा, "नहीं, यह कैसे हो सकता है।" उल्लू बोला, "नहीं, यह सच है और यही निर्वाण का एकमात्र रास्ता है। और उल्लू भी शेर के मुँह में चला गया।

(ग) ये लोग आधुनिक भारत के नए 'शरणार्थी' हैं, जिन्हें औद्योगीकरण के झंझावात ने अपनी घर-जमीन से उखाड़कर हमेशा के लिए निर्वासित कर दिया है। प्रकृति और इतिहास के बीच यह गहरा अंतर है। बाढ़ या भूकम्प के कारण लोग अपना घरबार छोड़कर कुछ अरसे के लिए जरूर बाहर चले जाते हैं, किन्तु आफत टलते ही वे दोबारा अपने जाने-पहचाने परिवेश में लौट भी आते हैं। किन्तु विकास और प्रगति के नाम पर जब इतिहास लोगों को उन्मूलित करता है, तो वे फिर कभी अपने घर वापस नहीं लौट सकते। आधुनिक औद्योगीकरण की आँधी में सिर्फ मनुष्य ही नहीं उखड़ता, बल्कि उसका परिवेश और आवास स्थल भी हमेशा के लिए नष्ट हो जाते हैं।



https://www.hpboardonline.com

26. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3×2=6

(क) लेखक ने अपने पिताजी की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

(ख) बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी?

(ग) राजा ने कौन-कौन से हुक्म निकाले? सूची बनाइए और इनके निहितार्थ लिखिए।

(घ) लेखक ने सेवाग्राम में किन-किन लोगों के आने का जिक्र किया है?

(ङ) उस छोटी-सी मुलाकात ने संभव के मन में क्या हलचल उत्पन्न कर दी, इसका सूक्ष्म विवेचन कीजिए। https://www.hpboardonline.com

27. निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक की साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए: 3

(क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ख) भीष्म साहनी

(ग) ममता कालिया।



https://www.hpboardonline.com

28. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4

(क) लोगों ने सूरदास की झोंपड़ी क्यों जलाई?

(ख) जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या-भाव जगा और क्यों?

(ग) बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?

(घ) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण हैं?

29. 'हमारी आज की सभ्यता इन नदियों को अपने गन्दे पानी के नाले बना रही है' क्यों और कैसे?

**अथवा**

"भिखारियों के लिए धन-संचय पाप-संचय से कम अपमान की बात नहीं है।" 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ से उद्धृत इस कथन की आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विवेचना कीजिए। 4



https://www.hpboardonline.com